## सार-समाचार

### मोतियाबिंद जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर में उमड़ा जनसैलाब

**सरदारशहर।** लायंस क्लब सरदारशहर डायमंड व अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क मोतियाबिंद जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर स्वर्गीय जगदीशप्रसाद जी पांडिया व स्वर्गीय सावित्री देवी पांडिया की पुण्य स्मृति मे उनके पुत्र मदनलाल जी पांडिया बरजांगसर (कोलकाता प्रवासी) के स्थानीय सौजन्य से अर्जुन क्लब शहरी राजकीय प्राथमिक चिकित्सालय गांधी विद्या मंदिर रोड सरदारशहर में लगाया गया। शिविर का शुभारंभ शिवभगवान पांडिया, पवनकुमार पांडिया ने फीता काटकर करके किया। शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉक्टर दीपशिखा यादव व उनकी टीम ने 292 मरीजो की यादव जांच कर ऑपरेशन हेतु 66 मरीजों को चयनित किया। मीडिया प्रभारी अंजना भोजक ने बताया की सभी चयनित 66 मरीजों को बस के द्वारा जयपुर ले जाया गया। दिसंबर माह कैंप के आपरेशन किये 158 मरीजों को चश्मे भेंट किये गये। शिविर में 158 मरीजों की बीपी, शुगर की जॉच की गई।इस शिविर को सफल बनाने में अध्यक्ष लायन किशोर भारद्वाज,सचिव लायन सुशील भोजक, अनिल गोयल,उमरदीन सैयद,घनश्याम बोचीवाल, आसकरण सोनी,मुबारक तुगलक, महेंद्र माली,सागर झेंडू,डॉ पूनमचंद भाटी,देवचंद सोनी, सुभाष जांगिड,कैलाश भाटी,सत्यनारायण जांगिड,प्रभुदत्त भोजक,मदनलाल पारीक,अभिमन्यु लाटा,फुसाराम स्वामी,गंगाराम सुथार,सुमन कंवर,कृष्ण तिवाड़ी,अयूब ने सहयोग किया।

### किसान सभा का अधिवेशन संपन्न

**रतनगढ ( निसं )।** अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी रतनगढ का 11वां अधिवेशन जिलाध्यक्ष इंद्राज सिंह के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। ध्वजारोहण व शहीद वेदी पर पुष्पांजलि के साथ अधिवेशन की शुरुआत हुई।अधिवेशन में सर्वसम्मति से मदनलाल जाखड़ अध्यक्ष, बिरजूराम खीचड़ सचिव एवं ओमप्रकाश तालणिया कोषाध्यक्ष निर्वाचित किए गए। तहसील कार्यकारिणी में नौरंगराम सारण व देवाराम उपाध्यक्ष, विनोद सिंह राठौड़ व सियाचंद कानसुजिया संयुक्त मंत्री, एडवोकेट बिशनसिंह रुलानिया कानूनी सलाहकार तथा किशन ढाका संयोजक चुने गए।बैठक में फसल बीमा क्लेम, बिजली व सिंचाई पानी सहित किसानों के मुद्दों पर चर्चा कर संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया गया। अधिवेशन में सैकडों किसान प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### चिकित्सा शिविर में 238 मरीज लाभान्वित

**सीकर।** सीकर स्थित प्रिंस हॉस्पिटल द्वारा ठाामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सालासर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सालासर एवं आसपास के ठाामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ठाामवासी उपस्थित हुए एवं चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाया। कैम्प में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, ऑर्थोपेडिशियन, ईएनटी सर्जन, पीडियाट्रिशियन, साइकेट्रिस्ट तथा डेंटल सर्जन की विशेषज्ञ टीम द्वारा 238 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं नि:शुल्क दवाईयां प्रदान की गई। शिविर में बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, लक्ष्मी नारायण पुजारी, यशोदानंदन पुजारी, डा. नरोत्तम पुजारी, डा. लादू सिंह राव, विजय पुजारी, बाबूलाल पुजारी, मुकेश बेनीवाल सहित अनेक गणमान्यजन शरीक हुए।

### समारोह पूर्वक मनाया भक्ति पर्व

**चूरू ।** राजगढ रोड स्थित निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को भक्ति पर्व समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महात्मा गीता पटवाल ने बताया कि सतगुरु माता हमें यह प्रेरणा देती हैं कि हमें भक्ति भक्त प्रहलाद, हनुमान और मीरा की तरह करनी चाहिए। क्योंकि भगवान भक्ति के वश में है जब-जब भक्त ने भगवान को पुकारा है, भगवान ने उसकी आवाज अवश्य सुनीं है, तो हमें भी आज भक्ति पर्व पर यह प्रण लेना चाहिये, कि हम सतगुरु माता सुदीक्षा के बताए गये मार्ग पर चले। इस अवसर पर जोनल इंचार्ज महात्मा शिव भगवान बजाज ने कहा कि आज पूरे भारत में निरंकारी मंडल द्वारा भक्ति पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में निरंकारी मंडल के कार्यकर्ता व श्रृद्धालु उपस्थित थे।

### 'गीता साक्षात भगवान का हृदय है

**चूरू ।** सराफ फाउंडेशन द्वारा संचालित भास्कर भवन में चल रही गीता क्लासेज में रविवार को बच्चों को गीता का अध्ययन करवाया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गीता साक्षात भगवान का हृदय है और गीता का अध्ययन सभी के लिए जरूरी है। कार्यक्रम का शुभारम्भ सेठ जयदयाल गोयनका, हनुमान प्रसाद पोद्दार व रामसुखदास महाराज के जयकारों से किया गया। कार्यक्रम में पंचामृत, पांचश्लोक, स्वामी जी की आवाज में प्रार्थना, गजल गीत, संकीर्तन और हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोष बड़ा महोत्सव का आयोजन भी किया गया। इस दौरान श्याम भोजक ने सहपत्निक और गीता क्लासेज की टीम ने बच्चों को पांच श्लोक पर स्कूल बैग, 12वें अध्याय में मैगी बॉक्स, 15वें अध्याय में बैडमिंटन, 16वें अध्याय लंच बॉक्स और बच्चों के जन्म दिवस पर ड्रॉइंग किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया, जनार्दन आचार्य, मोहित सिंघानिया, माधुरी, दिव्या, पूजा रेनू बजाज, हिमांशु शर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि गीता क्लासेज द्वारा फरवरी से सभी बच्चों के लिए गीता क्लासेज प्रश्नोत्तरी ऑनलाइन शुरू की जाएगी।

### महिलाओं को स्वेटर बांटे

**राजलदेसर ।** राजलदेसर युवा विकास समिति के द्वारा गुप्त दानदाता के सहयोग से कस्बे के अनेकों वार्डों में जरूरतमंद महिलाओं को वर्तमान में पड़ रही कड़ाके की सर्दी को देखते हुए 300 स्वेटर वितरण का कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड नंबर 33 से शुभारंभ किया गया जिसमें 30 महिलाओं को स्वेटर वितरित की गई युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल मंत्री मदन दाधीच ने बताया वर्तमान में कस्बे में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है इसी को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंद परिवार की महिलाओं को समिति के द्वारा गुप्त दानदाता के सहयोग से अलग-अलग वार्ड में 300 स्वेटर वितरित की जाएगी साथ ही समिति के द्वारा इससे पहले ठाामीण क्षेत्र में 1000 कंबल छतर सिंह बोथरा परिवार की ओर से वितरित की जा चुकी है ।

### गर्म वस्त्र वितरित किये

**सुजानगढ़/चूरू ।** डेरा सच्चा सौदा के द्वितीय गद्दीनशीन परम पिता शाह सतनाम सिँह जी महाराज के अवतार माह को डेरा सच्चा सौदा के सेवादार पूरे विश्वभर में मानवता भलाई कार्यों के साथ बड़ी धूमधाम से मना रहे है। इसी कड़ी में चूरू जिले के सुजानगढ़ ब्लॉक के सेवादारों ने अपने गुरु पूज्य संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा द्वारा चलाये रहे 170 मानवता भलाई कार्यों के तहत सुजानगढ़ शहर के झुग्गी झोंपड़ी कच्ची बस्ती में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को गर्म कंबल व कपड़े वितरित किये एवं वहाँ जाकर उनको भोजन करवाया। सेवादारों द्वारा किया गया नेक कार्य शहर में चर्चा का विषय बना। झुग्गियों में रहने वाले लोगों ने पूज्य गुरूजी का आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर रवि इंसा, हर्षमीत इंसा, निशा इंसा, पुष्पा इंसा, पूजा इंसा सहित अन्य सेवादार भाई बहन मौजूद रहे।

### पौष बड़ा महोत्सव में प्रसादी वितरित की

**उदयपुरवाटी निसं।** कस्बे में घूमचक्कर के पास स्थानीय दुकानदारों की ओर से पौष बड़ा महोत्सव आयोजित हुआ। पौष बड़ा महोत्सव में राहगीरों को हलवा व पकौड़ प्रसादी के रूप में वितरित किए गए। पौष बड़ा महोत्सव में लोगों का काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर प्रकाश सैनी निवास बैट्री, धोलूराम सैनी, एडवोकेट मोतीलाल सैनी, भोमाराम, जयसिंह, नीतेश, जेपी सैनी, देवराज सिंह, रोहिताश्व यादव, श्रवण स्वामी, सुरेंद्र कुमार, पवन कुमार, बिरजू सैनी, विजय सैनी, गोविंद सैनी, सुभाष कुमार, किशनलाल डिठावाल, गोकुल चंद सैनी, सोहनलाल तंवर सहित कई लोग मौजूद रहे।

### 21 दिन तक जलधारा तपस्या

**राजलदेसर ।** राजलदेसर जलदाय विभाग के पास स्थित संत 1008 गंगा नाथ जी महाराज की बगीची में बाल संत योगी नंदी नाथ महाराज की इस कड़ाके की ठंड में 21 दिनों तक ठंडे मटकी के पानी से जलधारा तपस्या की आज तपस्या पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजलदेसर वासियों द्वारा सत्संग ओर भंडारे का कार्यक्रम रखा जिसमें मोहल्ले के पोकर मल प्रजापत गोपाल घोडेला रामनारायण घोडेला रूपाराम प्रजापत भैरा राम प्रजापत विमल प्रजापत बिरदी चंद प्रजापत मदन प्रजापत भजनलाल घोडेला सीताराम सैनी नानगराम माली बाबूलाल जी प्रजापत विक्रम घोडेला गजानंद विष्णु जगमोहन कपिल पारीक सहित अनेकों सँख्या में महिलाएं भी उपस्थित रही ।

## पौष बड़ा प्रसादी बांटी

**रतनगढ़ ।** रतनगढ़ पंचायत समिति के समीप स्थित श्योराण ई-मित्र पर पौष मास के पावन अवसर पर प्रोपराइटर ईश्वर राम श्योराण के सौजन्य से पौष बड़ा का भव्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ आयोजित किया गया। आयोजन में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत समिति के अधिकारी-कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।कार्यक्रम में उपस्थित अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी मोहन सिंह बीका,राजेंद्र सिंह सुडा, मनोज चारण एवं हिम्मत सिंह ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक व सामाजिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं, ऐसे कार्यक्रम निरंतर होते रहने चाहिए। इस अवसर पर मोहनलाल श्योराण, राजू राम श्योराण, इंद्रराज देग, जीतू शाश्वत, राकेश, भगवानाराम सहित बाव्लती फिल्म अभनेता राजकुमार नायक ने कार्यक्रम में भरपूर सहयोग दिया। वहीं पंचायत समिति के समस्त स्टाफ, ठााम विकास अधिकारी तथा विभिन्न ठाामों के सरपंच गण भी कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आयोजन की शोभा बढ़ाते नजर आए।

# भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों के दबाव में मनरेगा योजना को खत्म करने का काम किया : सांसद कस्वां

■ मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत चूरू जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से चूरू जिला कांठोस कमेटी के अध्यक्ष व सुजानगढ विधायक मनोज मेघवाल के नेतृत्व में पुरानी कलेक्ट्रेट स्थित गांधी स्मारक के आगे एक दिवसीय उपवास करके विरोध प्रदर्शन किया

**चूरू ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत चूरू जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल के नेतृत्व में पुरानी कलेक्ट्रेट स्थित गांधी स्मारक के आगे एक दिवसीय उपवास करके विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में सांसद राहुल कस्वां, सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा, रतनगढ़ विधायक पुसाराम गोदारा, संगठन प्रभार भीमराज जाखड, पीसीसी सचिव रियाजत खान, मुस्ताक खान भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद कस्वां ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने उधोगपतियों के दबाव में इस योजना को खत्म करने का कार्य किया है, जो कि भारत के गरीब मजदूरों के हितों पर कुठारघात है। उन्हांने कहा कि कांठोस पार्टी हमेशा देश के गरीब व मजदूरों के अधिकार और हितों की लडाई लड़ती आयी है और आगे भी लड़ती रहेगी। इस दौरान चूरू जिला कांठोस कमेटी के अध्यक्ष व सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि राष्ट्रिपता महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलते हुए सत्य के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा, यह कांठोस की नहीं आमजन की आवाज है। इस आवाज को हम कभी दबने नहीं देंगें। मनरेगा कोई सरकार की दया नहीं, बल्कि संविधान से मिला अधिकार है।

इस अधिकार को खत्म करने की हर साजिश का सड़क से संसद तक जवाब दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन जिला कांठोस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने किया। इस दौरान चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धांधू, अभिषेक बुडानिया, रणजीत सातड़ा, धर्मेन्द्र बुडानिया, गोविन्द महनसरिया, रामप्रताप कांटिवाल, आदूराम न्यौल, मो. हुसैन निर्बाण, गणेश ढाका, गिरधारीलाल बांगडवा, विक्रम सिंह शेखावत, उम्मेद सिंह गोलसर, करतार सिंह टांडी, विधाधर बेनिवाल, बजरंग सैन, नरेश मारोठिया, संजय दिक्षित, सुनिता कपुरिया, सुरेश कल्ला, विकास बुडानिया, रामजीलाल शर्मा, आशाराम सैनी, सोहनलाल मेघवाल, जयचंद मेघवाल, सुखाराम घिंटाला, रामनिवास सारण, विकास मील, असलम खां मोयल, आरिफ पिथिसर, शेर खां मलखाण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों ने विरोध प्रदर्शन किया। इससे पूर्व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि भारत संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर स्थल के पास उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई।

# माखन चोरी लीला देख भाव विभोर हुए श्रद्धालु

■ लीला के माध्यम से प्रभु ने मानव समाज को धर्म पर चलने का अनुसरण कराया है

**रतनगढ ( निसं )।** मठाधीश शिवालय वाले के पास भाईजी श्री हनुमानप्रसाद पोद्दार स्मृति महोत्सव के अंतर्गत हो रही रासलीला में गत शनिवार रात्रि को वृंदावन से आए कलाकारों ने कान्हा की माखन चोरी लीला का मंचन किया जिसे देखकर धर्म श्रद्धालु भावविभोर हुए। लीला के चतुर्थ दिवस वृंदावन से आए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित निकुंज बिहारी रासलीला मंडली ने श्री राधाकृष्ण का महारास, लीला में श्री कृष्ण द्वारा अपने बाल सखा संग गोपियों के घरों में माखन चोरी की विभिन्न लीलाओं का भावमय संजीव मंचन किया गया। रसाचार्य कुंजबिहारी शर्मा ने कहा कि लीला में भगवान के साक्षात दर्शन मिलते हैं, लीला के माध्यम से प्रभु ने मानव समाज को धर्म पर चलने का अनुसरण कराया है ।लीला शुरू होने से पूर्व देवीदत्त हारित, निरंजन सिंधी, राजकुमार मुरारका, रामावतार बुबना,पदम थर्ड, कुलदीप चौधरी ने भगवान श्री कृष्ण और राधा के संजीव स्वरूपों का पूजन किया। इस मौके पर संत चितरंजनदास महाराज,मुरारीलाल पोद्दार, स्मृति न्यास के रसेंदु फोगला, पूर्व पालिकाध्यक्ष शिवभगवान कम्मा,पृथ्वीराज प्रजापति, पार्षद रामगोपाल चौधरी,पत्रकारओम सारस्वत, विष्णुदत चौधरी,राजीव अग्रवाल, कैलाश चौधरी, अंजनी शर्मा, रामगोपाल मुरारका, प्रकाश चौधरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित थे।इसी क्रम में भाईजी द्वारा लिखित पुस्तक "पद रत्नाकर "के गान का संत चितरंजनदास महाराज के सानिध्य में पदों का भी संगीतमय सामूहिक गान किया गया। आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में धर्म श्रद्धालु उपस्थित थे।

## अवैध हथियार सहित दो गिरफ्तार

**कोटा,( निसं )।** रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने दो अलग-अलग कार्यवाही करते हुए अवैध हथियार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा ने बताया कि थाने के सहायक उप निरीक्षक देवकरण ने मुखबीर की सूचना पर मय जाप्ता रंगपुर पुलिया के नीचे एक जने को डिटेन कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से दो अवैध जिंदा कारतूस बरामद किये। पुलिस टीम ने मौके पर गाजियाबाद निवासी अरूण तेवतिया (31) को गिरफ्तार किया। रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी ने बताया कि वहींथाने के सहायक उप निरीक्षक बृजलाल को मय जाप्ता इलाके में गश्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि सरकारी स्कूल भदाना के पीछे कोई संदिग्ध व्यक्ति घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिये के आधार पर मौके पर खड़े व्यक्ति को डिटेन कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा 315 बोर एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया।

# 'सभी समर्पित भाव से आध्यात्मिक विकास करें'

■ सभी संघ व संघपति के प्रति समर्पित रहते हुए अपना आध्यात्मिक विकास करते रहें और सबके प्रति प्रमोद भावना रखें।

**चूरू ।** स्थानीय तेरापंथ भवन में आचार्य महाश्रमण की शिष्या साध्वी मंगल प्रभा ठाणा की ओर से रविवार को मंगल भावना समारोह आयोजित किया गया। गौरतलब है कि गुरुदेव के आदेशानुसार साध्वीवृंद का सोमवार 12 जनवरी को लाडनूं की ओर विहार होगा। इस अवसर पर साध्वी मंगलप्रभा ने कहा कि गुरुदेव के आदेशानुसार चतुर्मास के लिये हमारा चूरू आना हो सकता है। उन्होंने कहा कि सभी संघ व संघपति के प्रति समर्पित रहते हुए अपना आध्यात्मिक विकास करते रहें और सबके प्रति प्रमोद भावना रखें। साध्वी समप्रभा ने कहा कि चूरू में हमारे तीन चातुर्मास हो चुके हैं। साध्वी प्रणवप्रभा ने मंगल भावना के अर्थ पर चर्चा की। इस अवसर पर तेरापंथी सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीपराज दूगड़, डॉ. मांगीलाल श्यामसुखा, प्रो. कमल सिंह कोठारी, राजेंद्र सिंघी, आशा कोठारी, मुन्नी कोठारी, रचना कोठारी, महासभा के आंचलिक प्रभारी राजेश बांठिया ने अपने विचार व्यक्त किये। कन्या मंडल संयोजिका आयुषी कोठारी ने काव्यपाठ, उर्मिला बांठिया, राजश्री सिंघी व विनीता बांठिया ने सामूहिक गीतिका के माध्यम से साध्वी वृंद के विहार के प्रति मंगलभावना व्यक्त की। दिलीप दूगड़ ने तेरापंथ फाउंडेशन के अध्यक्ष छतरसिंह डागा के पत्र का वाचन किया। इस अवसर पर सभा उपाध्यक्ष श्रवण कोठारी, कोषाध्यक्ष राजकुमार कोठारी, सुरेन्द्र बोथरा सहित महिला मंडल कार्यकर्ता उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन राजेश बांठिया ने किया।

## जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**झुंझुनूं।** शहर के सेठ मोतीलाल कॉलेज स्टेडियम के पास मंड्रेला रोड स्थित इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्दी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर समाजसेवा और धार्मिक भावना का सुंदर समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम में गिरदावर शिव शंकर महमियां, वशिष्ठ शर्मा, महावीर सिंगोदिया, राजेंद्र लालपुरिया, राम अवतार शर्मा, रतन लाल शुक्ला, मोहनलाल कुल्हरी, संजय शुक्ला, एडवोकेट रवि प्रकाश शुक्ला, मोहन पुरोहित, रामकरण सैनी, अजय व्यास, सुरेंद्र शर्मा (प्रिंसिपल), सचिन शुक्ला, केशव शुक्ला, सोनू पुजारी, किस्तूर चंद रैगर, संजय शर्मा, शनि मंदिर के पुजारी संजय भार्गव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और जरूरतमंदों को संबल प्रदान करते हैं।

# वरिष्ठ सिविल न्यायधीश न्यायालय खुलवाने की मांग

■ तारानगर में वरिष्ठ सिविल न्यायधीश न्यायालय खुलवाने की मांग को लेकर अभिभाषक संघ ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष को ज्ञापन दिया

**तारानगर ।** तारानगर में वरिष्ठ सिविल न्यायधीश न्यायालय खुलवाने की मांग को लेकर अभिभाषक संघ ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष को ज्ञापन दिया अभिभाषक संघ अध्यक्ष प्रभुदयाल सहारण ने बताया कि तारानगर में सन् 1986 में सिविल न्यायाधीश का न्यायालय सृजित हुआ था जिसको सृजित हुये 39 वर्ष से अधिक हो गये हैं तथा उक्त न्यायालय में वर्तमान में लगभग 4000 पत्रावलियां विचाराधीन है लेकिन बेदखली, किराया नियंत्रण अधिनियम तथा आर्थिक क्षेत्राधिकार सम्बंधी प्रकरणों से सम्बधित मामलों के लिये तारानगर न्याय क्षेत्र के पक्षकारों को एसीजेएम कोर्ट राजगढ़ जाना पड़ता है। भोगोलिक दृष्टि से तारानगर क्षेत्र के गांवों की दूरी राजगढ तक 120-125 किलोमीटर तक है जिसके कारण भी तारानगर क्षेत्र के न्यायार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है एवं न्याय प्राप्ति में अत्यधिक खर्च वहन करना पड़ता है। इसलिये तारानगर मुख्यालय पर अलग से वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश न्यायालय खोले जाने की महति आवश्यकता है। वर्तमान में तारानगर सिविल न्यायालय में 3200 फौजदारी प्रकरण व 800 सिविल प्रकरण सहित लगभग कुल 4000 प्रकरण विचाराधीन है जिससे एक ही सिविल न्यायालय होने से पक्षकारों तथा अधिवक्तागणों को न्याय प्राप्त करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है इसलिये माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा इस मांग पर सहानुभुति पूर्वक विचार कर तारानगर मुख्यालय पर अलग से वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश न्यायालय खोला जाता है तो पक्षकारों को न्याय प्राप्ति में सुविधा होगी।

## तोदी महाविद्यालय में वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**लक्ष्मणग।** स्थानीयश्री भगवानदास तोदी महाविद्यालयमें एनएसएस एवं रोजगार परामर्श केंद्र के सामूहिक तत्वाधान में विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं तार्किक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 25वीं राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत ने बताया कि प्रतियोगिता में 20 महाविद्यालयों से कुल 35 विभिन्न संकायों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने सदन की राय में " वर्तमान में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव से युवाओं में संस्कार एवं नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा है" विषय पर पक्ष-विपक्ष में अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने तार्किक तर्क, विषय की गहराई तथा प्रभावशाली कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय-वस्तु, भाषा शैली, प्रस्तुति एवं आत्मविश्वास के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान किया गया। जिसमें पक्ष में प्रथम स्थान पर गिन्नी देवी सत्यनारायण शेखसरिया महिला महाविद्यालय चिड़ावा की छात्रा अंबिका शर्मा, द्वितीय स्थान पर राजकीय महिला महाविद्यालय, सुजानगढ़ की योगिता ढूकिया एवं तृतीय स्थान पर राजकीय महिला महाविद्यालय लाडनूं की छात्रा शबनम बानो रही। जबकि विपक्ष में प्रथम स्थान मरुधरा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय बासनी के छात्र सुनील कुमार गुर्जर, द्वितीय स्थान पर शेखावाटी महाविद्यालय लोसल के दीपेंद्र कुमार एवं तृतीय स्थान पर श्री रघुनाथ बालिका महाविद्यालय, लक्ष्मणगढ़ की छात्रा दीपिका प्रजापत रही।

## खुदाई में निकले 1100 कारतूस

**बीकानेर ।** यहां महाजन में एक अस्पताल की खुदाई में 1100 से ज्यादा जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। अब कारतूस से भरा ये थैला कौन और कब छिपाकर गया, ये जांच का विषय है।

महाजन कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे निर्माण कार्य में खुदाई के दौरान मजदूरों को जिंदा कारतूसों का जखीरा मिला। एक बार तो मजदूरों में हड़कंप मच गया। बाद में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। थाना अधिकारी भजनलाल ने बताया कि स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निर्माण कार्य के दौरान ट्रैक्टर चलाया जा रहा था। जमीन को समतल करने के लिए चलाए गए ट्रेक्टर आगे बढ़ता, इससे पहले कुछ अटक रहा था। ट्रैक्टर में कुछ फंसा तो मजदूरों ने जाकर देखा तो एक प्लास्टिक का छोटा बोरा (कट्टा) फंसा हुआ था। इसमें कील जैसा कुछ सामान था।

# मुनी आश्रम क्षेत्र के जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए

■ 'कोई न ठिठुरे' अभियान के तहत सात वर्षों से जारी है सेवा का संकल्प

**झुंझुनू।** खेमी शक्ति रोड स्थित मुनी आश्रम क्षेत्र के आसपास रहने वाले जरूरतमंदों को सर्दी से राहत दिलाने के उद्देश्य से पाटोदिया परिवार की ओर से कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था एवं लायंस क्लब झुंझुनू के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कंबल वितरण कार्यक्रम श्री चौथमल-सुनील कुमार पाटोदिया परिवार, सुनील पाटोदिया वेलफेयर फाउंडेशन, मुंबई के सौजन्य से आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि डॉ. अंशुल पाटोदिया, डॉ. मधुसूदन पाटोदिया, प्रदीप पाटोदिया एवं अंकित पाटोदिया उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डी.एन. तुलस्यान, लायंस क्लब झुंझुनू के एमजेएफ लायन नरेंद्र व्यास एवं लायन शिवकुमार जांगिड द्वारा दुपट्टा ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया।

इस अवसर पर ट्रस्टी डॉ. डी.एन. तुलस्यान ने बताया कि संस्था द्वारा 'कोई न ठिठुरे' अभियान के अंतर्गत पिछले सात वर्षों से निरंतर हजारों जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े अनेक सेवा कार्य भी नियमित रूप से किए जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि पाटोदिया परिवार एवं सुनील पाटोदिया वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा जिले में समय-समय पर उल्लेखनीय सामाजिक कार्य किए गए हैं, जिनमें जिला जेल झुंझुनू में पुस्तकालय कक्ष का निर्माण तथा जिला पशुपालन विभाग में गौ सेवा केंद्र का निर्माण प्रमुख हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने पाटोदिया परिवार की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्पद बताया।

# कच्ची बस्ती के बच्चों को लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट ने राहत बांटी

■ ट्रस्ट के संरक्षकों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नन्हे बच्चों के पैरों में स्वयं अपने हाथों से जूते पहनाए

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी ।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट ने कच्ची बस्तियों एवं झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों व नन्हे-मुन्ने बच्चों को राहत सामठाी वितरित की।

इस सेवा कार्य में शिव रतन ढंण्ढ द्वारा प्रदत्त गर्म जूते, ऊनी जुराबें, स्वेटर, बच्चों के कपड़े, एवं अन्य आवश्यक राहत सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि वितरण मात्र औपचारिक न होकर, ट्रस्ट के संरक्षकों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नन्हे बच्चों के पैरों में स्वयं अपने हाथों से जूते पहनाए और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।गर्म जूते और जुराब पहनते ही बच्चों के चेहरों मुस्कान खिली ।

कार्यक्रम ट्रस्ट के संरक्षक सुभाष जोशी, प्रकाश पासोरिया, दीनदयाल जोशी, गिरधारी लाल जाजोदिया एवं ठेकेदार फूलचंद बागोरिया के सानिध्य में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि ठेकेदार फूलचंद बागोरिया ने अपने उद्बोधन में ट्रस्ट की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि सच्ची सेवा तो इन्हीं कच्ची बस्तियों में रहने वाले लोगों तक राहत पहुँचाने में है। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट बार-बार स्वेटर, कंबल, जूते, जुराब एवं भोजन जैसी राहत सामठाी देकर इनके जीवन में आशा की किरण जगा रहा है। यह वास्तव में साधुवाद के योग्य कार्य है।वहीं ट्रस्ट के संरक्षक सुभाष जोशी ने ट्रस्ट की सेवा गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि मलमास के इस पावन समय में शिवरतन ढंण्ढ के सहयोग से जूते, जुराब एवं गर्म कपड़ों का वितरण कर जरूरतमंदों को ठंड से राहत प्रदान की गई।

उन्होंने कहा कि नर को नारायण मानकर की गई सेवा ही सच्ची सेवा है। इस अवसर पर झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले सभी बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने ट्रस्ट के सभी संरक्षकों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को दिल से आशीर्वाद दिया।लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट ने समाज के सभी सक्षम नागरिकों से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ या किसी भी खुशी के अवसर पर अपनी खुशियाँ कच्ची बस्तियों में रह रहे अपने भाइयों के साथ साझा करें, ताकि उन्हें भी बराबरी और अपनत्व का एहसास हो।साथ ही मकर संक्रांति पर महिलाओं द्वारा दी जाने वाली 14-14 वस्तुओं को अपने परिवार तक सीमित न रखकर जरूरतमंदों में वितरित करने का आठाह किया गया।कार्यक्रम में ट्रस्ट के प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत, बीजू कुमावत, महेश कुमावत, लोकित दईया, रोहित दईया, विवेक तंवर, विष्णु बागड़ी सहित ट्रस्ट के अनेक संरक्षक, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं लक्ष्मणगढ़ नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार कार ने बच्ची को कुचला

**कोटा, ( निसं )।** आरकेपुरम थाना इलाके में एक दर्दनाक सड़क हादसे में सात महीने की मासूम बच्ची की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आरकेपुरम् इलाके के मार्बल चौराहे के समीप एक तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही पूर्वक कार को चलाते हुए सड़क पर एक मासूम बच्ची को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल बच्ची को उपचार के लिये अस्पताल लाया गया, जहां बच्ची की मौत हो गई। आरकेपुरम् थानाधिकारी रामविलास मीणा ने बताया कि मार्बल चौराहे के समीप एक सात माह की बच्ची को तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मार दी। कार की टक्कर से मासूम की मौत हो गई, मृतक बालिका सात महिने की लक्ष्मी थी।

## कोटा मॉडल की नीट-जेईई कोचिंग का शुभारम्भ

**मंडावा ।** मंडावा क्षेत्र मंगलवार, 13 जनवरी 2026 को शिक्षा और संस्कृति के भव्य संगम का साक्षी बनने जा रहा है। अवसर है करणी कृपा स्कूल, मंडावा में आयोजित होने वाले एनुअल फंक्शन 'आगाज 3.0' का, जिसके साथ ही करणी कृपा नीट व जेईई फाउंडेशन क्लासेज का औपचारिक शुभारम्भ भी किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल परिसर में शाम 5.15 बजे से होगा। संस्था के एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. दिशान्त ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि इस सत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि अब मंडावा के विद्यार्थियों को नीट और जेईई जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोटा मॉडल पर आधारित उच्चस्तरीय मार्गदर्शन स्थानीय स्तर पर ही मिलेगा। उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए छात्रों को सक्षम बनाना है। डॉ. दिशान्त ने बताया कि गणित विषय में आईआईटीयन रवि जैन (पूर्व परियोजना अधिकारी, आईआईटी रुड़की), वंदना गुप्ता (बी.टेक., आईआईटी कानपुर) और ललित सिंह (एमएससी मैथ्स) विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देंगे। भौतिकी में विकास कपूर (बी.टेक., आईआईटी दिल्ली), नितिन वरशने (बी.टेक., आईआईटी कानपुर) एवं अंकित ढाका (एमएससी फिजिक्स) मार्गदर्शन करेंगे। जीव विज्ञान में डॉ. पूनम शर्मा (पीएचडी, एचपी यूनिवर्सिटी शिमला), डॉ. नम्रता गुप्ता (बीडीएस, अवध इंस्टीट्यूट लखनऊ) एवं पंचम मिश्रा (एमएससी बॉयोलॉजी) अध्यापन कराएंगे। रसायन विज्ञान में डॉ. कपिल कुमार (पीएचडी, दिल्ली यूनिवर्सिटी), डॉ. वाई.एस. यादव (पीएचडी, आगरा यूनिवर्सिटी) एवं राकेश कुमार (एमएससी केमिस्ट्री) छात्रों को प्रशिक्षित करेंगे।

## गौहत्या मामले में तीन और आरोपी गिरफ्तार

**पोकरण, ( नि.सं. )।** पुलिस थाना पोकरण क्षेत्र में हुई गौवंश की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर अभिषेक शिवहरे के निर्देश पर की गई। पुलिस के अनुसार 7 जनवरी 2026 की रात्रि को बदमाशों द्वारा एक गौवंश की हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में प्रार्थी राजूसिंह पुत्र डूंगरसिंह राजपूत, निवासी बिलिया द्वारा पुलिस थाना पोकरण में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पोकरण प्रवीण कुमार के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी पोकरण भवानी सिंह (आरपीएस) के सुपरविजन में थानाधिकारी भारत रावत के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया।


**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर 3/2026
**(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)**

चूंकि श्री मानवेन्द्र सिंह चौहान श्री श्याम मंदिर कमेटी प्रन्यास खाटूश्यामजी तहसील-दांतारामगढ जिला-सीकर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत श्री श्याम मंदिर कमेटी प्रन्यास, खाटूश्यामजी तहसील-दांतारामगढ जिला-सीकर के संबंध में न्यास कार्यकारिणी के पंचवर्षीय चुनाव सम्पन्न करा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के नाम दर्ज अभिलेख किये जाने हेतु जॉच किये जाने के लिये प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुवे परिवर्तन / संशोधन जिसकी जॉच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हों तो प्रस्तुत करें।
ओर यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जॉच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 06.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइन्दा तारीख पेशी 15.01.2026

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर